कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वामी आ.उ.अं.मा. विद्यालय,
प्रबंधन समिति, बिलासपुर (छ.ग.)
Phone- 07752-424204(Office),07752-424205(MIS),Email - sagesbilaspur@gmail.com, newdeobilaspur07@gmail.com

क्र/7593/सेजेस/संविदा भर्ती/विज्ञापन/2024–25 बिलासपुर दिनांक 21/08/2024

प्रेस विज्ञप्ति

छ.ग. शासन स्कुल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2023–24 मे 10 शासकीय विद्यालयों को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की स्वीकृति प्रदान करते हुए विद्यालयों का संचालन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रबंधन समिति को सौपा गया है सेजेस बेलतरा, तिफरा एवं जयरामनगर सहित अन्य विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम हेतु व्याख्याता,शिक्षक,सहा. शिक्षक एवं अन्य पदों सहित 24 पदो का सृजन किया गया है जिसमे प्रत्येक विद्यालयों में व्याख्याता के 10, शिक्षक 04, सहायक शिक्षक के 05, सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के 02 पदों सहित कम्प्यूटर, व्यायाम शिक्षक एवं ग्रंथपाल के एक–एक पद स्वीकृत किए गए है जिसके साथ ही पूर्व से संचालित सेजेस विद्यालयों मे पद रिक्त है।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा जिले में संचालित सभी 21 अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में रिक्त पदो पर संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। संविदा भर्ती हेतु संभावित रिक्तियों की संख्या निम्नानुसार है –

क्र.	पद का नाम	रिक्त पद संख्या
1	व्याख्याता	57
2	शिक्षक	29
3	सहा.शिक्षक	55
4	सहा.शिक्षक (विज्ञान प्रयोगशाला)	19
5	कम्प्यूटर शिक्षक	15
6	ग्रथपाल	08
7	व्यायाम शिक्षक	04
योग		187

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में प्रत्येक विद्यालय को पृथक–पृथक इकाई मानकर पद स्वीकृत करते हुए नियुक्ति का अधिकार प्रबंधन समिति को दिया गया है। वर्तमान में कक्षा संचालन प्रारंभ होने ,चयन प्रक्रिया के सरलीकरण, संसाधन की बचत एवं आवेदको की सुविधा की दृष्टि से बिलासपुर जिला प्रशासन के पोर्टल के माध्यम से एकीकृत विज्ञापन जारी कर ऑनलाईन आवेदन लिए जा रहे है।संविदा भर्ती विज्ञापन पूर्णतः अस्थाई एवं शासन के निर्देशो के अधीन है तथा शासन के निर्देशानुसार स्थगित/निरस्त किया जा सकता है। संविदा भर्ती हेतु जिले के वेबसाइट पोर्टल **bilaspur.gov.in** में जाकर विज्ञापन का विस्तृत प्रारूप देख सकते है। इन पदों हेतु पदवार लिंक जारी किए गए है। जिसमें जाकर आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि **06/09/2024** समय रात्रि **11:59** बजे तक है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। विज्ञापन का प्रारूप कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर एवं संबंधित विद्यालयों के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं

Scanned with OKEN Scanner

सचिव प्रबंधन समिति, सेजेस ने विज्ञप्ति जारी करते हुए जानकारी दी कि आत्मानंद विद्यालयों में ऑनलाइन आवेदन के द्वारा सीधी संविदा भर्ती की जा रही है। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क एवं पारदर्शी है। संविदा भर्ती प्रक्रिया एवं ऑनलाईन आवेदन हेतु लिंक विज्ञापन के साथ ही जारी की गई है।

जिले के वेबसाईट में आवेदन फॉर्म भरने के लिए निम्नानुसार 04 लिंक उपलब्ध हैं:–

(a) व्याख्याता पद पर आवेदन हेतु लिंक
https://forms.gle/SupvMMN2RHrnrYTg7

(b) पूर्व माध्यमिक शाला हेतु शिक्षक पद पर आवेदन हेतु लिंक
https://forms.gle/ayRGi6SWYbpXQaMQ7

(c) प्राथमिक शाला हेतु सहायक शिक्षक पद पर आवेदन हेतु लिंक
https://forms.gle/7VS8uiPtc7eerV546

(d) ग्रंथपाल/कम्प्यूटर शिक्षक/व्यायाम शिक्षक /लेखापाल/सहायक ग्रेड02/सहा0 शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) पद पर आवेदन हेतु लिंक
https://forms.gle/G8n9SGx187NLKbM96

संलग्न :– ① विज्ञापन की प्रति।
② Link सहित कॉपी.

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव
स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय
प्रबंधन समिति, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्र/7594/सेजेस/संविदा भर्ती/विज्ञापन/2024–25 बिलासपुर दिनांक 21/08/2024

प्रतिलिपि :–

1. उप संचालक, जनसंपर्क बिलासपुर को समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ।
2. DIO, NIC Bilaspur (C.G.) को सादर सूचनार्थ एवं जिले के पोर्टल https://bilaspur.gov.in में में अपलोड किये जाने हेतु।
3. संपादक, दैनिक समाचार .... को सूचनार्थ। कृपया सभी संस्करणों में समाचार प्रकाशित करने का कष्ट करें।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव
स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय
प्रबंधन समिति, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner